# तेयुप का रक्तदान शिविर काचीगुड़ा श्याम मंदिर में आयोजित

**हैदराबाद, 4 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा जारी मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के अंतर्गत गुरुवार को तेरापंथ युवक परिषद्, हैदराबाद द्वारा काचीगुड़ा स्थित श्याम मंदिर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर का विधिवत उद्घाटन तेरापंथ युवक परिषद् अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा व मंत्री अनिल दुगड़ ने किया। शिविर मे पी वी नरसिम्हाराव ब्लड बैंक ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर मे मंदिर प्रांगण में पहुंचे भक्तों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। शिविर मे तेरापंथ युवक परिषद् के निवर्तमान अध्यक्ष निर्मल दुगड़, रक्तदान प्रभारी मनोज बोथरा, संयोजक श्रेणिक गोलछा, शिविर संयोजक नवीन लुनिया व सुशील दुगड़ के साथ विनोद दुगड़, विनय पारख, ललित लूनिया, आसकरण सेठिया, अंकित लोढ़ा, अरिहंत गुजरानी, अशोक सेठिया, गौरव घोड़ावत, गौरव कोठारी, प्रदीप दुधोड़ियाव तेरापंथ किशोर मंडल से भाविक बोथरा ने शिविर को सुचारू रूप संपादित करने हेतु व्यवस्थाओं मे विशेष सहयोग प्रदान किया।

# बोनालू और मोहर्रम के मद्देनजर सीपी ने केंद्रीय शांति और कल्याण समिति के साथ की बैठक



**हैदराबाद, 4 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पुलिस आयुक्त, हैदराबाद के. श्रीनिवास रेड्डी ने आगामी बोनालू त्यौहार और मोहर्रम के संबंध में टीजीसी और सीसी, बंजारा हिल्स, हैदराबाद के मीडिया ब्रीफिंग हॉल में केंद्रीय शांति और कल्याण समिति के साथ बैठक की। इस कार्यक्रम में, किशन शर्मा, महासचिव, केंद्रीय शांति और कल्याण समिति, हाफिज मुजफ्फर हुसैन, मुख्य संरक्षक और सभी क्षेत्रीय अध्यक्ष, विक्रम सिंह मान, एडिशनल सीपी, कानून और व्यवस्था, हैदराबाद शहर और समिति के अध्यक्ष, पी. विश्व प्रसाद, एडिशनल सीपी, यातायात, हैदराबाद शहर, वी. सत्यनारायण, एडिशनल सीपी, मुख्यालय और प्रशिक्षण, हैदराबाद शहर, डीसीएसपी और सात क्षेत्रों के एडिशनल डीसीएसपी ने भाग लिया। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त ने पिछले कई दशकों से केंद्रीय शांति एवं कल्याण समिति द्वारा की जा रही प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की सराहना की और हैदराबाद के शांतिपूर्ण माहौल को बनाए रखने के लिए इसी तरह के निरंतर सहयोग का अनुरोध किया जिसकी दुनिया भर में सराहना की जाती है।

उन्होंने समिति के सदस्यों से पुलिस अधिकारियों के साथ अधिक लगातार बातचीत करने और विभिन्न समस्याओं और असामाजिक तत्वों से संबंधित जानकारी साझा करने का अनुरोध किया। किशन शर्मा ने पुलिस विभाग को पूर्ण समर्थन और दिन-रात उनकी तत्परता व्यक्त की। इस अवसर पर हैदराबाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय शांति एवं कल्याण समिति के लगभग 50 पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया।

# आम रेलयात्रियों की सुविधाओं पर रेलवे का फोकस : कोच उत्पादन बढ़ा

## रेलवे ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 10000 नॉन-एसी कोचों का उत्पादन तेजी से किया

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 4 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आम यात्रियों के जीवन को आसान बनाने के लिए आईआर ने अगले दो वर्षों के लिए लगभग 10,000 नॉन-एसी कोचों के उत्पादन की योजना बनाई है। अधिकारियों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान, 5300 से अधिक सामान्य कोचों की रिकॉर्ड संख्या के साथ लगभग 10000 कोचों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।




वित्त वर्ष 2024-25 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1470 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता पार्सल वैन और 55 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है। वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2710 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पेंट्री कारों के निर्माण की योजना बनाई है।

रेल सेवा की मांग गतिशील है और मौसमी बदलावों, यात्री यातायात की वृद्धि आदि के आधार पर घटती/बढ़ती है। कोचों की आवश्यकता इन कारकों पर आधारित होती है और वार्षिक कोच उत्पादन कार्यक्रम में शामिल होती है। कोचों का उत्पादन सामान्यतः आवश्यकता के अनुरूप होता है।

# कर्नाटक के छात्रों ने एनआईआईएमएच हैदराबाद का किया दौरा




**हैदराबाद, 4 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अक्कमहादेवी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, बीदर, कर्नाटक के लगभग 30 छात्रों ने गुरुवार को को अपने बीएएमएस पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में चिकित्सा और आयुर्वेद के इतिहास को समझने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मेडिकल हेरिटेज (एनआईआईएमएच) हैदराबाद का दौरा किया। संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. जी. पी प्रसाद जी ने छात्रों और संकाय सदस्यों डॉ. शिव कृष्ण, डॉ. मंजुला और डॉ. सुजाता कांबले के टीम का स्वागत किया। डॉ जी पी प्रसाद ने प्रतिष्ठित संस्थान की यात्रा की व्यवस्था करने के लिए कॉलेज अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की, जिसे हाल ही में साहित्यिक और मौलिक अनुसंधान के लिए डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा सहयोगात्मक केंद्र के रूप में नामित किया गया था। टीम को एनआईआईएमएच के डॉ. क्रिस एंटनी, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) और श्री श्रीनिवास राव, एलआईए द्वारा संस्थान के मेडिको-हिस्टोरिकल म्यूजियम और लाइब्रेरी में गाइड किया गया, जिसमें भारतीय चिकित्सा प्रणालियों और विश्व चिकित्सा से संबंधित 1030 से अधिक ऐतिहासिक कलाकृतियाँ और 18,000 पुस्तकें हैं। इस दौरे के बाद डॉ. वी. श्रीदेवी, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) और डॉ. टी. साकेत राम, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) के नेतृत्व में एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। छात्रों को संस्थान द्वारा किए गए साहित्यिक अनुसंधान और संस्थान द्वारा विकसित इलेक्ट्रॉनिक पोर्टल जैसे ई-चरक संहिता, ई-सुश्रुत संहिता, ई-निघंटु, ई-मेधा पोर्टल, आयुष अनुसंधान पोर्टल इत्यादि से परिचित कराया गया। एएएमसी बीदर के छात्रों और अध्यापकों ने दौरे और सत्र के लिए संस्थान के अधिकारीयों को धन्यवाद दिया।

# सब मिलकर सम्पूर्ण अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करें : कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे

**आसिफाबाद, 4 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि जिले में सम्पूर्णता अभियान के उद्देश्यों को समन्वित तरीके से हासिल किया जायेगा। एकीकृत जिला कलेक्टोरेट भवन के सभाकक्ष में जिले के अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी, सिरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पलवई हरीश बाबू, जिला वन अधिकारी नीरज कुमार, जिला ग्रामीण विकास अधिकारी सुरेंद्र सहित जिला अधिकारी, चिकित्सा कर्मचारी, बाल एवं कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। नीति आयोग संपूर्ण अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर गुरुवार को जिला केंद्र में कर्मचारियों, मंडल परिषद विकास अधिकारियों, मंडल पंचायत अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी नीति आयोग के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, स्वयं के विकास से जुड़े क्षेत्रों में पिछड़े क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।सम्पूर्ण अभियान के माध्यम से सहायता समूहों, महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण को प्रथम स्थान पर रखने के लिए अधिकारी मिलकर कार्य करें।



उन्होंने कहा कि अधिकारी मैदानी स्तर पर कार्य करें और कर्मचारियों, आंगनबाडी कर्मचारियों, आशा, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों और शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाएं नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व सरकारी अस्पतालों में अपना विवरण दर्ज कराएं और हर माह स्वास्थ्य जांच कराएं तथा समय पर पौष्टिक आहार व दवाएं लें। उन्होंने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों को अस्पतालों में जाकर परीक्षण कराना चाहिए और संबंधित अधिकारियों को लोगों को समझाना चाहिए।

# रेती का अवैध खनन एवं परिवहन धड़ल्ले से जारी



**मदनूर, 4 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्थानीय जनता ने रेती माफिया और संबंधित अधिकारीयों पर आरोप लगाते हुए बता रही है कि रेती का अवैध कारोबार करने वाले रेती माफिया और स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध रेती व्यापारी दिन-रात अपनी चांदी कूटने में लगे हुए हैं। जुक्कल विस क्षेत्र के मदनूर मंडल सिरपुर मंजीरा नदी से रेत का अवैध खनन कर के दिन रात सैकडों ट्रैक्टरों द्वारा अवैध तरीके से रेती गाड़ियों में भरकर ले जाई जा रही है।रेत माफिया वाहनों में रेती भरकर रात के समय महाराष्ट्र-कर्नाटक राज्यो में परिवहन कर रहे है। इस के साथ साथ कुछ रेत कुछ माफिया मदनूर मंडल सल्बतपुर छोटा शक्कारगा गांव की सीमा पर रेती जमा करके हर रोज ट्रैक्टर द्वारा महाराष्ट्र के देगलूर शहर में अधिक दाम में बेचा जा रहा है।

# आंगनबाडी विद्यार्थियों की पोशाक का किया निरीक्षण



**मंचेरियाल, 4 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला ग्रामीण विकास अधिकारी एस किशन, आईसीडीएसपी पीडी चिन्नैया और प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी पुरूषोत्तम नाइक ने आंगनबाडी विद्यार्थियों की एक समान पोशाक का निरीक्षण किया। शहर के श्रीपतिनगर स्थित आंगनबाडी केंद्र पर बुधवार को छात्र-छात्राओं को मिलने वाली नई पोशाक पहने छात्र-छात्राएं नजर आएं। इस अवसर पर डीआरडीए के जिला पदाधिकारी एस. किशन ने कहा कि आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले तीन से चार साल और चार से पांच साल के विद्यार्थियों को वर्दी दी जाती है। लड़कियां अपने पहने हुए कपड़ों से संतुष्ट नजर आईं। आईसीडीएस पीडी चिन्नैया ने कहा कि सरकार इस वर्ष से आंगनबाडी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन के साथ-साथ छात्रों को वर्दी पोशाक भी उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी सीडीपीओ विजयालक्ष्मी, पर्यवेक्षक स्वप्ना, शिक्षिका एम., टी. भाग्यलक्ष्मी, बी.सुनीथा और आया रेवती मौजूद रहीं।

# संपूर्ण अभियान के शुभारंभ में शामिल हुए विधायक हरीश बाबू



**कागजनगर, 4 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरम भीम आसिफाबाद जिला केंद्र स्थित कलेक्टोरेट मीटिंग हॉल में गुरुवार को नीति आयोग के तत्वावधान में चयनित एस्पिरेशनल डिस्टिक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में सिरपुर टी विधायक पलवई हरीश बाबू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछड़े कुमरम भीम आसिफाबाद जिले को एक आकांक्षी जिले के रूप में मान्यता दी है और सभी अधिकारियों से समन्वय के साथ काम करने और जिले के विकास में सहयोग करने का अनुरोध किया है। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर वेंकटेश डोत्रे, अतिरिक्त कलेक्टर दीपक तिवारी, डीएफओ नीरज कुमार टीबरेवाल, डीआरडीओ सुरेंद्र, जेडपीटीसी सदस्य, जिला अधिकारी और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# नीट परीक्षा फिर से आयोजित की जानी चाहिए : डीवाईएफआई

**आसिफाबाद, 4 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** देश भर में मेडिकल छात्रों के लिए आयोजित एनईईटी प्रवेश परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक के विरोध में डीवाईएफआई कुमरम भीम जिला अध्यक्ष गेदाम टिकानंद ने कहा कि राष्ट्रव्यापी भारत बंद के तहत गुरुवार को तिरयानी मंडल में सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। राष्ट्रीय परीक्षाओं को संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फीस का शोषण रोका जाना चाहिए। एनईईटी यूजीसी और एनईईटी सीए-सआरयूजीसी की संयुक्त जांच सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश द्वारा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के साथ न्याय करने में पूरी तरह से विफल रही है। देश के शिक्षा मंत्री नीट पर सार्वजनिक माफी मांगे और कहा कि नीट अभ्यर्थियों को 20 लाख का भुगतान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रजातंत्र युवजन समाख्या के तत्वावधान में सभी सरकारी और निजी स्कूलों में नीट परीक्षा फिर से आयोजित की जानी चाहिए। तिरयानी में बंद रहे कॉलेज में सरकारी जूनियर कॉलेज के छात्रों ने हिस्सा लिया।




**CHANGE OF NAME**

I. SHARADA BEN is legally Wife of Service No. 14640741N, Rank: HAV, Name: RATHWA BHUVANSING BHAI, Unit: 1 TRG "BN" 1 EME CENTER, SECUNDERABAD, residing at Vill: ATROLI-AT-PATEL PHALYA, PO: AMBALA, Teh: CHHOTAUDEPUR, Dist: VADODARA, State: GUJARAT, Pin:391165,Changed my name from: **SHARADA BEN** to **RATHWA SHARDABEN** affidavit Singed By advocate and Notary B YADAGIRI,MMCP, BA,LLB



विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का हार्दिक स्वागत!
CHAMPIONS
ICC T20 WC CHAMPIONS
₹125 Crores
भारतीय महिला क्रिकेट टीम की दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत के लिए हार्दिक बधाई
Agra Sweets
BANJARA
Main Store Head Office
Road No.1, Banjara Hills, Hyderabad
72070 92756 / 040-2332 8654
Exclusive Showroom:
West Marredpally - 72070 92754
Shaikpet - 83412 92759
SINCE 1952
Showrooms with Ratnadeep Supermarket
Attapur - 72070 92755 ■ Karmanghat - 72070 92753
Kondapur - 72070 92752 ■ Gachibowli - 91000 93366
Nallagadla - 91000 93377
Customer Care : 9100033361
info@agrasweetsbanjara.com
www.agrasweetsbanjara.com
/asbhyd | /asbhyd




NA
विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम
Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
का हार्दिक स्वागत!
A VICTORY CELEBRATION FOR THE FANS!
भारतीय महिला क्रिकेट टीम की दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत के लिए हार्दिक बधाई
WINNERS
Naresh Agencies
Dealers in : Welding Electrodes, Welding Accessories,Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad- 500 012

